# मंगल ग्रह के कारकत्व

मंगल ग्रह के कारकत्व अर्थात वे विशेष कारण या विषय वस्तुएं आदि जिनसे हम उस समय पूरी तरह प्रभावित होते हैं, जिस समय हम मंगल ग्रह की दशा, गोचर, योग और अवस्था आदि में पूरी तरह प्रयत्नशील रहते हैं या उस आयु अवस्था आदि पर पहुंच जाते हैं, मंगल ग्रह के वे सभी विशेष प्रभावित करने वाले तत्व निम्न प्रकार से हैंः-

शक्ति, साहस, निर्णय लेने की क्षमता, पराक्रम, क्रोध, बीमारियां, शत्रु, शस्त्र, सेनाध्यक्ष, दुर्घटनाएं, षड़यंत्र, हठी, अड़ियल, जुनून, हथियार या विस्फोटक, ऊर्जा उत्पादन, खनिज, शारीरिक और मानसिक शक्ति, क्रूरता, शत्रुता, प्रशासक, संधर्ष, अग्नि, पित्त, गर्मी, जख्म, घाव, मंत्री, अंगक्षति, अंगदुर्बलता, युवा, पौरूष, सरपंच, अग्निकांड से क्षति, रक्त, तांबा या तांबे से बनी वस्तुएं, जलने से घाव, अचल सम्पत्ति, पुलिस, नेता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक, विवाद, विपक्ष, युद्ध, ग्रीष्म ऋतु, शारीरिक बल और आग प्रयोग में लाने वाली नौकरियां, ऊर्जा, मित्र, औजार, चिकित्सा जिसमें औजारों का प्रयोग होता है, छोटे भाई या भाईयों, खिलाड़ी, मित्र, जमीन, साहस आदि।